# आनंदालय

## वार्षिक परीक्षा

## कक्षा: सातवीं

विद्या सवार्थ साधिका

विषय : हिंदी — अधिकतम अंक : 80

दिनांक : 03-03-2025 — निर्धारित समय : 3 घंटे

सामान्य निर्देश :-

1. यह प्रश्न पत्र चार खण्डों में विभाजित है - 'क', 'ख', 'ग' और 'घ'
2. प्रश्न पत्र में कुल 13 प्रश्न हैं ।
3. प्रश्नोत्तर क्रमशः लिखे जाने चाहिए ।
4. बहुविकल्पीय प्रश्नों की क्रम संख्या व चयनित उत्तर पूर्ण व स्पष्ट रूप से लिखना आवश्यक है ।
5. लिखावट सुंदर और स्पष्ट होनी चाहिए ।

**खंड - 'क'**

1. नीचे दिए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए :

उन्नीसवीं शताब्दी में यह राष्ट्रीय जागरण संपूर्ण भारत में किसी न किसी रूप में अभिव्यक्त हो रहा था, जिसमें भारतीयता के साथ आधुनिकता का संगम था । स्वामी विवेकानंद ने तो अमेरिका, इंग्लैंड आदि देशों से भारत लौटकर पूर्व और पश्चिम के श्रेष्ठ तत्वों के सम्मेलन से भारत को आधुनिक बनाने का स्वप्न देखा था । उन्होंने माना कि भारत और पश्चिम की मूल गति एवं उद्देश्य भिन्न हैं, परंतु भारत को जागना होगा, कुसंस्कारों एवं जाति-विद्वेष को त्यागना होगा, शिक्षित होकर देश की अशिक्षित, गरीब जनता को ही 'दरिद्रनारायण' मानकर उनकी सेवा करनी होगी, उनका उत्थान करना होगा । विवेकानंद का मत था कि भारत में जो जितना दरिद्र है, वह उतना ही साधु है । यहाँ गरीबी अपराध एवं पाप नहीं है तथा दरिद्रों की अपेक्षा धनियों को अधिक प्रकाश की जरूरत है । वे चाहते थे कि हम नीच, अज्ञानी, दरिद्र सभी को भाई मानें और गर्व से कहें - हम सब भाई भारतवासी हैं । शिक्षा का उद्देश्य मनुष्य को मानव बनाना, आदमी को इंसान बनाना होना चाहिए । हमें ऐसी शिक्षा चाहिए जो हमें संस्कारी मानव, हमदर्द इंसान बना सके। विचारों में विवेकानंद गांधी से अधिक दूर नहीं थे और ऐसे ही विचारकों का चिंतन उन्नीसवीं सदी में भारत को उद्वेलित कर रहा था।

(i) विवेकानंद ने क्या सपना देखा था ? (1)

(क) विदेशी तर्ज पर भारत का विकास  (ख) पूर्व व पश्चिम के तत्वों का मिलन

(ग) भारत को आधुनिक बनाना  (घ) ख और ग दोनों

(ii) विवेकानंद के अनुसार भारतीयों को कैसी शिक्षा की जरूरत है ? (1)

(क) आदमी को आदमी बनाने वाली  (ख) अंग्रेजी पढ़ाने वाली

(ग) भारतीय भाषाओं को बढ़ावा देने वाली  (घ) विदेशी भाषाओं को बढ़ावा देने वाली

(iii) विवेकानंद के अनुसार किसे अधिक प्रकाश की ज़रूरत है ? (1)

(क) दरिद्र  (ख) धनिकों  (ग) सामंतों  (घ) कोई नहीं

(iv) सच्चे भारतवासी में क्या गुण होने चाहिए? (2)

(v) गरीबी के विषय में विवेकानंद जी के मत से आप कहाँ तक सहमत हैं ? तर्क सहित लिखिए | (2)

2. नीचे दिए पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए :

ऐसा है आवेश देश में जिसका पार नहीं।
देखा माता का ऐसा रक्तिम शृंगार नहीं।
कंठ-कंठ में गान उमड़ते माँ के वंदन के।
कंठ-कंठ में गान उमड़ते माँ के अर्चन के।
शीश-शीश में भाव उमड़ते माँ पर अर्पण के।
प्राण-प्राण में भाव उमड़ते शोणित तर्पण के।
जीवन की धारा में देखी ऐसी धार नहीं।
सत्य अहिंसा का व्रत अपना कोई पाप नहीं।
विश्व मैत्री का व्रत भी कोई अभिशाप नहीं।
यही सत्य है सदा असत की टिकती चाप नहीं।
सावधान हिंसक ! प्रतिहिंसा की कोई माप नहीं।
कोई भी प्रस्ताव पराजय का स्वीकार नहीं।
ऐसा है आवेश देश में जिसका पार नहीं।

(i) उपरोक्त पद्यांश में किसके आवेश' का उल्लेख हुआ है ? (1)
(क) माता के (ख) देश के (ग) शत्रु के (घ) इनमें से कोई नहीं

(ii) कवि के मतानुसार असत्य है - (1)
(क) स्थायी (ख) व्रत (ग) अभिशाप (घ) अस्थायी

(iii) 'रक्तिम शृंगार' का अर्थ है - (1)
(क) वीर सपूतों का रक्त बलिदान करना (ख) रक्त बहाना
(ग) शत्रु का खून बहाना (घ) उपरोक्त में से कोई नहीं

(iv) सत्य और अहिंसा के मार्ग को क्यों अपनाना चाहिए ? (2)

(v) 'कंठ-कंठ में गान उमड़ते माँ के वंदन के' पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए | (2)

## खंड - 'ख'

**3.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए : (8x1=8)

(i) 'धनुष' शब्द के दो पर्यायवाची शब्द लिखिए |
(ii) जैसा कर्म करोगे, वैसा फल मिलेगा | - सर्वनाम का भेद लिखिए |
(iii) 'जले पर नमक छिड़कना' मुहावरे का अर्थ लिखकर वाक्य प्रयोग कीजिए |
(iv) 'अंकुर तबला बजा रहा है |' - कर्म के आधार पर क्रिया का भेद लिखिए |
(v) 'सुडौल' शब्द में किस उपसर्ग का प्रयोग हुआ है ?
(vi) 'चिंतन' शब्द में कौन-सा प्रत्यय प्रयुक्त हुआ है ?
(vii) 'किए गए उपकार को मानने वाला' - वाक्यांश के लिए एक शब्द लिखिए ।
(viii) 'पक्ष' के कोई दो अनेकार्थी शब्द लिखिए ।

**4.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए : (8x1=8)

(i) 'आचार्य' शब्द का वर्ण-विच्छेद कीजिए |
(ii) 'शताब्दी' का समास विग्रह कर समास का नाम लिखिए ।
(iii) 'लघूर्मि' का संधि विच्छेद कीजिए ।
(iv) 'दृढ़' का विलोम शब्द लिखिए |

(v) 'लोमड़ी बहुत लालची जानवर है ।' - विशेषण का भेद लिखिए ।

(vi) 'संभव है, मैं तुम्हारे साथ घर चलूँ |' - काल का भेद लिखिए ।

(vii) 'पुनीत ध्यानपूर्वक पढ़ाई करता है'- क्रियाविशेषण का भेद लिखिए ।

(viii) मेरे बगीचे में सूर्यास्त का दृश्य अद्भुत होता है; वह आकाश को नारंगी और गुलाबी रंग से रंग देता है। - वाक्य में प्रयुक्त विराम चिह्नों के भेद बताइए |

**खंड - 'ग'**

5. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के लिए सर्वाधिक सटीक विकल्प का चयन कीजिए : (5X1=5)

बहुत ही मीठे स्वरों के साथ वह गलियों में घूमता हुआ कहता-"बच्चों को बहलाने वाला, खिलौनेवाला।" इस अधूरे वाक्य को वह ऐसे विचित्र, किन्तु मादक-मधुर ढंग से गाकर कहता कि सुनने वाले एक बार अस्थिर हो उठते । उसके स्नेहाभिषिक्त कंठ से फूटा हुआ गान सुनकर निकट के मकानों में हलचल मच जाती। छोटे-छोटे बच्चों को अपनी गोद में लिए युवतियाँ चिकों को उठाकर छज्जों पर नीचे झाँकने लगतीं। गलियों और उनके अंतर्व्यापी छोटे - छोटे उद्यानों में खेलते और इठलाते हुए बच्चों का झुंड उसे घेर लेता और तब वह खिलौने वाला वहीं बैठकर खिलौने की पेटी खोल देता।

(i) उपर्युक्त गद्यांश के लेखक का नाम बताइए ।

(क) भगवती प्रसाद वाजपेयी (ख) जैनेन्द्र कुमार

(ग) चेतन भगत (घ) शिवमंगल सिंह 'सुमन'

(ii) अपने बहुत ही मीठे स्वरों के साथ कौन गलियों में घूमता था ?

(क) दूधवाला (ख) गुब्बारेवाला (ग) चायवाला (घ) खिलौनेवाला

(iii) युवतियाँ कहाँ से झाँकते हुए खिलौनेवाले को देखती थी ?

(क) बगीचे में से (ख) छज्जों पर से (ग) उद्यानों में से (घ) घरों में से

(iv) 'चिक' शब्द का क्या अर्थ है ?

(क) गाल (ख) झँझरीदार परदा (ग) चेहरा (घ) इनमें से कोई नही

(v) बच्चे कहाँ खेलते थे ?

(क) बरामदे में (ख) आँगन में (ग) घरों में (घ) गलियों तथा उद्यानों में

6. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के लिए सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनिए : (5x1=5)

स्वर्ण- शृंखला के बंधन में, अपनी गति, उड़ान सब भूले,
बस सपनों में देख रहे हैं, तरु की फुनगी पर के झूले।
ऐसे थे अरमान कि उड़ते, नील गगन की सीमा पाने,
लाल किरण-सी चोंच खोल,चुगते तारक - अनार के दाने।

(i) उपर्युक्त पद्यांश का शीर्षक है -

(क) शाम एक किसान (ख) हम पंछी उन्मुक्त गगन के

(ग) एक तिनका (घ) कठपुतली

(ii) पिंजरे में बंद पक्षी भूल जाएँगे -

(क) अपनी इच्छा (ख) अपना संकल्प (ग) अपनी खुशी (घ) अपनी गति, उड़ान

(iii) पक्षी अब बस सपनों में देखते हैं-

(क) हम पेड़ों की ऊँची टहनियों पर झूला झूल रहे हैं। (ख) हम आसमान में उड़ रहे हैं।

(ग) हम आज़ाद हो गए हैं। (घ) उपर्युक्त सभी

(iv) 'तरु' शब्द का अर्थ है-

(क) पत्तियाँ (ख) टहनी (ग) वृक्ष (घ) फुनगी

(v) 'लाल किरण-सी चोंच खोल' से कवि का तात्पर्य है-

(क) सूरज की किरणों के जैसी लाल चोंच को खोल कर

(ख) लाल किरण में लाल चोंच को खोल कर

(ग) लाल किरण जैसी लाल चोंच खोल कर

(घ) उपर्युक्त सभी

7. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 50-60 शब्दों में लिखिए : (3x3=9)

(i) रहीम जी ने क्वार के मास में गरजने वाले बादलों की तुलना निर्धन व्यक्तियों से क्यों की है? दोहे के आधार पर आप सावन के बरसने और गरजने वाले बादलों के विषय में अपने विचारों को उदाहरण सहित प्रस्तुत कीजिए |

(ii) 'स्वतंत्रता का हमारे जीवन में क्या महत्व है ? 'हम पंछी उन्मुक्त गगन के' कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए |

(iii) मीरा की श्रीकृष्ण के प्रति भक्ति भावना का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए |

(iv) 'एक तिनका' कविता में किस घटना की चर्चा की गई है, जिससे घमंड नहीं करने का संदेश मिलता है?

8. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 50-60 शब्दों में लिखिए : (3x3=9)

(i) वीर कुँवर सिंह के किन सामाजिक कार्यों ने आपको प्रभावित किया और क्यों ?

(ii) धनराज के हॉकी खेलने के सफ़र का संक्षिप्त वर्णन करते हुए, उनके जीवन से मिलने वाली प्रेरणा का भी उल्लेख कीजिए ?

(iii) गांधी जी ने आश्रम के अनुमानित खर्च का ब्यौरा क्यों तैयार किया? उदाहरण सहित लिखिए |

(iv) मिठाईवाले के विचारानुसार बताइए कि ग्राहकों का व्यवहार कैसा होता है ?

## खंड - 'घ'

9. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर संकेत बिन्दुओं के आधार पर लगभग 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए : (1x5=5)

(क) मेरे जीवन का लक्ष्य

- जीवन की उत्कृष्टता
- जीवन का स्वप्न
- उद्देश्य पूर्ति का मार्ग
- लक्ष्य की सर्वश्रेष्ठता व लाभ
- उपसंहार

(ख) स्वास्थ्य ही धन है।

- नियमित व्यायाम तथा खानपान
- दोनों एक-दूसरे के पूरक
- चित्त की प्रसन्नता, संयमित जीवन
- उपसंहार

(ग) संगणक (कम्प्यूटर)

- एक यांत्रिक मस्तिष्क है
- नवीनतम तकनीक
- महत्त्वपूर्ण योगदान
- उपसंहार

10. (क) आपकी परीक्षा निकट है, जिसके लिए आपको कुछ प्रमुख पुस्तकों की आवश्यकता है | उसे क्रय करने के लिए पिताजी से 1000/- रुपये की माँग करते हुए लगभग 80 से 100 शब्दों में नियमानुसार पत्र लिखिए । (1x5=5)

अथवा

(ख) बस में यात्रा करते हुए आपका एक बैग छूट गया था जिसमें ज़रूरी कागज़ और रुपये थे। उसे बस कंडक्टर ने आपके घर आकर लौटा दिया। उसकी प्रशंसा करते हुए परिवहन निगम के अध्यक्ष को लगभग 80-100 शब्दों में पत्र लिखिए ।

11. (क) विद्यालय में राष्ट्रीय नाट्य मंचन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है | आप विद्यालय के सांस्कृतिक सचिव हैं | सभी विद्यार्थियों और अभिभावकों को सादर आमंत्रित करते हुए 50 से 60 शब्दों में सूचना लेखन कीजिए | (1x5=5)

अथवा

(ख) बढ़ती हुई महँगाई को लेकर दो नागरिकों के बीच की बातचीत को 80 से 100 शब्दों में संवाद के रूप में लिखिए |

12. (क) आप अपना पुराना मकान बेचना चाहते हैं। उसके मूल्य एवं अन्य खूबियों का उल्लेख करते हुए 40-50 शब्दों में एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए। (1x3=3)

अथवा

(ख) आपके शहर में एक पुस्तक मेला लगा है, जिसमें विभिन्न प्रकार की पुस्तकों की प्रदर्शनी लगाई गई है। इसका उल्लेख करते हुए 40-50 शब्दों में एक आकर्षक विज्ञापन लिखिए।

13. चित्र को ध्यानपूर्वक देखकर मन में उभरे विचारों को समाहित करते हुए 70-80 शब्दों में चित्र वर्णन कीजिए | (1x4=4)

